हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 314 देहरादून, शुक्रवार, 09 जून, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



एसीएस वित्त आनंदवर्धन ने सभी विभागों को पूँजीगत परिव्यय में वृद्धि के निर्देश दिए 3

# बागवानी विकास की योजनाओं के लिये धन की कमी नहीं होगी : मुख्यमंत्री

## प्रदेश में बागवानी विकास की योजनाओं को धरातल पर लाये जाने के लिये मिशन मोड में हों प्रयास : सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 9 जून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को बागवानी विकास की योजनाओं को धरातल पर लाये जाने के लिये मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि योजनाओं के क्रियान्वयन में मजबूत इच्छा शक्ति के साथ प्रदेश हित को ध्यान में रखा जाये। उन्होंने प्रदेश में सेब एवं कीवी उत्पादक क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर इससे जुड़े किसानों की समस्याओं को त्वरित ढंग से समाधान किये जाने के साथ ही विषय विशेषज्ञों के साथ विभागीय टीम गठित कर इस संबंध में जमीनी जरूरतों का समाधान करने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित बैठकों को मात्र कोरम पूरा करने का माध्यम नहीं बल्कि योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने का माध्यम बनाये जाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। मुख्यमंत्री ने 15 दिन के बाद इस संबंध में पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिये हैं।

- योजनाओं के क्रियान्वयन में मजबूत इच्छाशक्ति के साथ प्रदेश हित का रखा जाये ध्यान
- सेब एवं कीवी उत्पादक क्षेत्रों का हो चिन्हीकरण, किसानों की समस्याओं का हो समाधान विशेषज्ञों के साथ विभागीय टीम का गठन कर जमीनी जरूरतों की हो पहचान
- विभागीय अधिकारी बैठकों को कोरम पूरा करने का माध्यम नहीं बल्कि उसका महत्व समझें, कार्य योजना को धरातल पर लाने का करें प्रयास।



कैम्प कार्यालय में सेब की खेती एवं कीवी मिशन की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हिमाचल की भांति हमारे प्रदेश का किसान भी सेब एवं कीवी उत्पादन में अग्रणी बने तथा उनकी आर्थिकी बढ़े, इसके लिये प्रदेश में सेब उत्पादक क्षेत्रों के चिन्हीकरण, भूमि की उत्पादन क्षमता अच्छी किस्म की पौधों की किसानों तक उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि हमारा किसान रोजगार देने वाला भी बने, इस दिशा में कारगर ढंग से कार्य होना चाहिये। उन्होंने इसके लिये किसानों को प्रशिक्षण के साथ ही उन्हें जागरूक करने पर भी ध्यान देने को कहा तथा उत्पादों के बेहतर विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर ध्यान देने की बात कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 2030 तक बागवानी क्षेत्र में 3 हजार करोड़ की आय का लक्ष्य तो रखा है लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये वर्षवार उत्पादन क्षमता के निर्धारण पर हमें ध्यान देना होगा। उन्होंने बागवानी क्षेत्र में कल्स्टर आधारित एप्रोच पर भी ध्यान देने पर बल दिया तथा सेब एवं कीवी उत्पादन क्षेत्रों में कोल्ड स्टोरेज के प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि हमें प्रदेश में नई कार्य संस्कृति के साथ कार्य करना होगा। हमारे प्रयासों से राज्य को कितना लाभ मिल रहा है अधिकारी इसका भी आकलन करें। योजनाओं को शीघ्रता से जमीन पर उतारने के लिये सर-लीकरण, समाधान एवं संतुष्टि के मंत्र को ध्यान में रखा जाना चाहिये। कार्यों को लटकाने पर नहीं उन पर शीघ्रता से निर्णय लेकर आगे बढ़ने की दिशा में काय होना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बागवानी विकास की योजनाओं के लिये धन की कमी नहीं होने दी जायेगी। बैठक में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पाण्डेय, सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, निदेशक उद्यान एच.एस. बवेजा के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# सच्ची निष्ठा के बल पर रुड़की में पार्टी कार्यालय का भूमि पूजन संपन्न : मुख्यमंत्री





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की , 9 जून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूड़की में भाजपा कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने रूड़की क्षेत्र के लिए तीन घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि रूड़की के पठानपुरा से आदर्श नगर पैट्रोल पम्प तक आर.सी.सी. नाला का निर्माण कार्य किया जाएगा। रुड़की के मेन हाईवे से कान्हापुर तक बी.एम. एस.डी.बी.सी. द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। रुड़की के सोलानीपुरम की आन्तरिक सड़कों का इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क व नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि बाबा केदार एवं भगवान बद्रीविशाल के आशीर्वाद और सभी कार्यकर्ताओं की सेवा, समर्पण और पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा के बल पर रुड़की में पार्टी कार्यालय का भूमि पूजन संपन्न हुआ है। मुख्यमंत्री ने स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि जनसंघ के रूप में उन्होंने ऐसे राष्ट्रवादी संगठन की नींव रखी जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में सम्पूर्ण विश्व का सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने स्व. दीनदयाल उपाध्याय का स्मरण कर कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपनी आदर्श छवि एवं विशिष्ट बौद्धिकता से सम्पूर्ण विश्व में भारत के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का स्मरण भी करते हुए कि अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में ही उत्तराखंड अलग राज्य बना। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक प्रदीप बत्रा, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा शोभाराम प्रजापति एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नसों से सारा गंदा कोलेस्ट्रॉल निकाल देंगे अमरूद के पत्ते

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जून : अमरूद को हमेशा से एक मामूली फल समझा जाता है। लेकिन आपको मालूम होना चाहिए कि मामूली लगने वाले इस फल के पत्ते, छाल, फूल और जड़ तक सभी का पारंपरिक रूप से कई बीमारियों को ठीक करने के लिए उपयोग किया जाता है। स्वाद में लाजवाब इस फल में फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, नियासिन, थियामिन, राइबोफ्लेविन, कैरोटीन और लाइकोपीन जैसे एंटीऑ-क्सिडेंट्स और कैल्शियम, फॉस्फोरस और आयरन जैसे तमाम पोषक तत्व भरे पड़े हैं।

अगर बात करें अमरूद के पत्तों की तो इनमें भी वो सभी जरूरी गुण और तत्व पाए जाते हैं जो सेहत को दुरुस्त रखते हैं। अमरूद के पत्तों का इस्तेमाल कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करने और दिल को स्वस्थ रखने में भी किया जा सकता है। NCBI में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, अमरूद के पत्तों का रस पीने से गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। कोलेस्ट्रॉल एक गंदा पदार्थ होता है जो खून की नसों में जमा होकर उन्हें ब्लॉक कर देता है, जिससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिल से जुड़े का कई रोगों का खतरा होता है।वैज्ञानिकों का मानना है कि अमरूद के पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन पाए जाते हैं, जो दिल को फ्री रैडिकल डैमेज से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसमें पोटेशियम और फाइबर होते हैं

दिल को स्वस्थ रखते हैं। अमरूद के पत्तों का रस ब्लड प्रेशर कम करने और खराब यानी एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकता है।शोधकर्ताओं ने अध्ययन में शामिल लोगों को 6 हफ्तों तक अमरूद के पत्तों का रस पीने को दिया। इस अवधि के बाद उन्होंने पाया कि उनका ब्लड प्रेशर ($p<0.05$) और टोटल कोलेस्ट्रॉल 9.9%, कम हो गया था। 120 लोगों पर 12 हफ्ते तक हुए अध्ययन में पाया गया कि भोजन से पहले पका हुआ अमरूद खाने से मरीजों के 'अच्छे' यानी एचडीएल कोलेस्ट्रॉल में 8% की वृद्धि हुई अमरूद ब्लड शुगर में सुधार करने में भी सहायक है। अमरूद के पत्तों के रस से ब्लड शुगर के लेवल में सुधार होता है। अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो आपको नियमित रूप से अमरूद का सेवन करना चाहिए। को-लेस्ट्रॉल कम करने और ब्लड प्रेशर को काबू रखने के लिए आप अमरूद के पत्तों का कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इन्हें चबा सकते हैं या फिर उबालकर चाय की तरह पी सकते हैं. कोई भी तरीका आजमाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लेना।





# सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसे उत्तराखंड के कई नौजवान, कहीं आपको तो नहीं आई कॉल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 09 जून :: अगर आप भी सोशल मीडिया पर प्यार-दोस्त तलाशते हैं तो संभल जाइए।उत्तराखंड में युवा सोशल मीडिया पर दोस्त बनाने के चक्कर में सेक्सटॉर्शन का शिकार हो रहे हैं। इसमें अनजान लोग सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद न्यूड कॉल करते हैं। जिसके बाद वसूली का धंधा शुरू हो जाता है। साइबर सेल ने ऐसे कई मामलों में कार्रवाई कर पीड़ितों को उनकी गंवाई हुई रकम वापिस दिलाई है। उत्तराखंड पुलिस ने अब तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा की रकम पीड़ितों को वापस दिलाई है।

कुमाऊं में भी सेक्सटॉर्शन के मामले तेजी से बढ़े हैं। पंतनगर साइबर थाने में हर महीने ठगी के मामलों में से चार-पांच मामले सेक्सटॉर्शन से जुड़े होते हैं। सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी करने वाले लोग लड़कियों की फेक आईडी बनाकर फेसबुक और वॉट्सएप पर लोगों से दोस्ती करते हैं। बाद में वीडियो कॉल करके लोगों को फंसाया जाता है। शातिर ठग एडिटेड वीडियो संबंधित व्यक्ति को भेजते हैं और रुपये ऐंठने लगते हैं।कई बार सामाजिक बदनामी के डर से लोग पुलिस में शिकायत भी नहीं कर पाते।

साल 2021 में सेक्सटॉर्शन से जुड़ी 847 शिकायतें आईं, इन सभी का निस्तारण करते हुए पीड़ितों को 62,54,273 रुपये वापस दिलाए गए। साल 2022 में 857 शिकायतें मिलीं। इनका निस्तारण कर 6967866 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए गए। साल 2023 में अब तक ऐसी 167 शिकायत पुलिस को मिली हैंजिसमें से 115 मामलों का निस्तारण कर पीड़ितों को 20,21,454 रुपये लौटाए गए हैं।1 जनवरी 2021 से मई 2023 तक लगभग 40 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। आरोप सिद्ध होने पर धारा 420 के तहत 7 साल और आईटी एक्ट के तहत 3 साल की सजा होती है। साइबर थाना प्रभारी ललित जोशी ने कहा कि सेक्सटॉर्शन के ज्यादातर मामलों का केंद्र राजस्थान और आसपास के इलाकों में पाया गया है। इस साल भी कई केस सामने आए हैं, जिनमें पुलिस कार्रवाई कर रही है।





# अनोखा मंदिर ! जहाँ शादी नहीं तलाक की मांगी जाती है मन्नत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 जून , दुनियाभर में कई देवी-देवताओं के मंदिर प्रसिद्ध है तो वहीं पर इसकी अपनी मान्यता है लेकिन क्या आपने कभी तलाक वाले मंदिर के बारे में सुना है जहां पर शादी के रिश्ते से अलग होने के लिए मन्नत मांगी जाती है। जापान का टेकोजी मंदिर अनोखा तलाक मंदिर कहलाता है।

**जानिए किसने स्थापित किया था मंदिर**


आपको बताते चले कि, ये एक तरह का तलाक मंदिर जापान में मात्सुगोका टोकेई-जी के नाम से कामकुरा शहर के कानागावा प्रांत में स्थापित किया गया था। माना जाता है कि, यहां पर ऐसी कई महिलाओं का आवास रहा है, जिन्होंने घरेलू हिंसा का दंश झेला है। दरअसल मंदिर की स्थापना बौद्ध के समयकाल का है। इस दौरान महिलाओं के कोई अधिकार नहीं होते थे. उस वक्त जापान में तलाक का कोई प्रावधान तक नहीं था।

**पति से अलग महिलाएं लेती थी शरण**

आपको बताते चले कि, साल 1285 में बौद्ध नन काकुसन शिदो-नी ने इस मंदिर की स्थापना की थी. जो महिलाएं शादी में खुश नहीं होती थीं, वह इस मंदिर में आ जाती थीं। उस दौरान मंदिर महिलाओ के लिए सुरक्षित स्थान में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं महिलाओं को लगने लगा कि यहां उनको सुरक्षा मिल सकती है. इसके अलावा अगर वह किसी घुटन भरे रिश्ते में हैं, तो उससे भी उनको स्वतंत्रता मिल सकती थी। जानते हो या नहीं टेकोजी मंदिर से आधिकारिक रूप से महिलाओं को तलाक का सर्टिफिकेट मिलने लगा, इसको सूफुकु-जी के नाम से जाना जाता है। इस सर्टिफिकेट से महिलाओं को शादी से कानूनी तौर पर आजादी मिली।

**कहलाता है संबंधों को तोड़ने वाला मंदिर**

आपको बताते चले कि, इस मंदिर की अपनी खासियत है मंदिर की संरक्षित वास्तुकला की खूब तारीफ होती है। वहीं पर अंदर से यह मंदिर बेहद खूबसूरत बगीचों से घिरा हुआ है. यह मंदिर निस्वार्थ भाव से अपने काम में लगा है. लेकिन लोग इस मंदिर को काकेकोमी डेरा, संबंधों को तोड़ने वाली जगह और भगोड़ी महिलाओं का मंदिर या तलाक मंदिर के नाम से भी बुलाते हैं।





# एसीएस वित्त आनंदवर्धन ने सभी विभागों को पूँजीगत परिव्यय में वृद्धि के निर्देश दिए

## सभी विभागों को सितम्बर माह तक 50 प्रतिशत पूंजीगत परिव्यय के लक्ष्य को पूरा करे





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 9 जून , अपर मुख्य सचिव आनंदवर्धन ने सभी विभागों को पूँजीगत परिव्यय में वृद्धि के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने राज्य सरकार के सभी विभागों को सितम्बर माह तक 50 प्रतिशत व्यय के लक्ष्य को पूरा करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूँजीगत परिव्यय की नियमित समीक्षा की जाएगी।

सचिवालय में पूँजीगत परिव्यय की समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन विभाग, राज्य सम्पति विभाग, आपदा प्रबन्धन विभाग, न्याय विभाग, मत्सय पालन विभाग, पंचायती राज विभाग, गन्ना विकास विभाग, राजस्व विभाग, कोषागार, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, वित्त विभाग तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा पुलिस एवं कारागार विभाग के पूंजी परिव्यय तथा पूँजीगत योजनाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही एसीएस ने विभिन्न विभागों में केन्द्र पोषित योजनाओं (सीएसएस), ईएपी तथा नाबार्ड पोषित योजनाओं के पूंजीगत परिव्यय की भी समीक्षा की।

एसीएस ने सचिव वित को निर्देश दिए की जिन विभागों का अपने बजट प्रावधान के सापेक्ष शून्य प्रतिशत जारी राशि तथा परिव्यय रहा है उनकों शीघ्र कार्यवाही हेतु पत्र भेजे जाए। एसीएस ने सभी विभागों को अपने रिलीज बजट तथा परिव्यय का प्रतिमाह का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव वित्त दिलीप जावलकर, सचिव आपदा प्रबन्धन डा0 रंजीत कुमार सिन्हा, सचिव पशुपालन डा0 बी वी आर सी पुरूषोतम तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थें।

# न्यायालय की सख्ती के बाद दौड़ेगी देहरादून में स्वच्छता अभियान की गाडी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 9 जून , मा0 उच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान नेअधिकारियों के साथ 18 जून को जनपद में वृहद स्तर पर चार घण्टे की स्वच्छता अभियान को सफल आयोजन हेतु समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश व नगर पालिका परिषद डोईवाला, विकास नगर, मसूरी एवं नगर पंचायत हर्बटपुर, सेलाकुई एवं समस्त ब्लाक के मिशन प्रबंधक एनआ-रएलएम व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 2 दिन के भीतर सफाई अभियान हेतु अपने अपने क्षेत्र के कार्य स्थल निर्धारित कर रिर्पोट प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिया विजेता स्कूली बच्चों एवं पर्यावरण मित्र को पुरस्कृत किया जायेगा। स्वच्छता अभियान से पहले एवं बाद में सफाई स्थल की फोटो एवं वीडियोंग्राफी की जायेगी। अभियान से पूर्व सभी एक साथ स्वच्छता की शपथ लेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी कमठान ने स्वच्छता अभियान को लेकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गये निर्देर्शों को अक्षरशः पालन करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 18 जून 2023 को प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक चार घण्टे की स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिकारी, कर्मचारी एवं सभी प्रतिभागी आपस में समन्वय से कार्य करेंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को स्वच्छता अभियान हेतु कार्यस्थलों को निर्धारित कर दो दिन के भीतर सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक कार्य के डाक्यूमं-न्टेशन किया जायेगा तथा कार्य से पूर्व एवं कार्य के बाद उक्त सफाई स्थलों की फोटो व वीडिया बनायेगे। कहा कि प्रत्येक कार्य स्थल पर स्वच्छता शपथ लेने के साथ सभी श्रमदान करेंगे।

उन्होंने स्वच्छता अभियान को लेकर नगर निगम तथा नगर पालिका, नगर पंचाय स्तर पर कूड़ा निस्तारण हेतु स्थल निश्चित करने के साथ ही टीमों का गठन करने के निर्देश दिए। उन्होने इस कार्य में समस्त एन.जी.ओ, स्कूली बच्चों, विभिन्न संगठनों को स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग कराने को कहा। साथ ही रेखीय विभाग को निर्देशित किया कि कार्यस्थल पर झाड़ू ,दस्तानें सहित आवश्यक सामाग्री की व्यवस्था करेंगे। कार्यक्रम प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस जिला कार्यकारिणी का शीघ्र हो गठन कांग्रेस जिला कार्यकारिणी का शीघ्र हो गठन

श्रीनगर गढ़वाल। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए ब्लॉक कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी के साथ-साथ सभी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन पर चर्चा हुई। इस दौरान बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुझाव रखे। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव एवं उसके बाद लोकसभा के चुनाव प्रस्तावित है। जिसके मद्देनजर संगठन को मजबूत करने के लिए हर गांव घर-घर जाने का रोड मेप तैयार किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहनानन्द डोभाल, डा. प्रताप भंडारी, सेवादल जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चंद और ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर भंडारी ने पंचायत अध्यक्षों के साथ सभी जिला कार्यकारिणी का शीघ्र गठन करने की बात कही। इस अवसर पर जगदीश बड़वाल, दिनेश स्नेही, गम्मा सिंह, कुसुमलता गुसाईं, मीनाक्षी पोखरियाल, पल्लवी राज, प्रदीप थपलियाल, दीपक सजवाण, किशोर पोखरियाल, रामलाल नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### वायुमंडलीय भौतिकी की तकनीकों को सीख रहे शोध छात्र

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग की वायुमंडलीय भौतिकी प्रयोगशाला में समर स्कूल इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत वायुमंडलीय भौतिकी की तकनीकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर से 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आलोक सागर गौतम ने बताया कि समर स्कूल इंटर्नशिप के लिए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने आवेदन किया था, जिसमें अन्तिम रूप से 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया। समर स्कूल इंटर्नशिप का उद्देश्य स्नातक, परास्नातक तथा शोध छात्रों में शोध भावना का विकास करना है। कार्यक्रम में डा. आलोक सागर गौतम, श्यामनारायण नौटियाल, करन सिंह एवं संजीव कुमार द्वारा शोध विषय से संबधित सोफिस्टकैटेड मशीनों की हेड्स ऑन ट्रेनिंग के तहत डाटा हैंडलिंग सहित महत्वपूर्ण सॉफ्टवेर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डा.गौतम ने कहा कि अनियंत्रित विकास, वनाग्नि एवं वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण उत्तराखंड की हवा को जहरीला बना रहा है। इनसे निकलने वाले एयरोसोल के सूक्ष्म कण मनुष्य की श्वशन नलिका से होते हुए यकृत तक पहुंच जाते हैं, जिनकी अधिकता से श्वाश रोग, खांसी, दमा और यहां तक हृदयाघात का खतरा बना रहता है।

### सरनौल गांव में 'बेटी समुद्रा' मार्मिक रवांई लोक गीत की शूटिंग

उत्तरकाशी। नौगांव ब्लॉक के दूरस्थ गांव सरनौल में 'बेटी समुद्रा' के गाने की शूटिंग की गई। बेटी समुद्रा गाने को रवांई के लोक गायक जयदेव राणा द्वारा गाया गया तथा इस गाने को डायरेक्टर बाबूराम शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया है। स्वागत फिल्म के बैनर तले 'बेटी समुद्रा' गाने की शूटिंग सरनौल गांव में आयोजित मां रेणुका मेले से शुरू की गई तथा गांव में प्रकृति के खूबसूरत नजारों के बीच विभिन्न स्थानों पर उक्त गाने को फिल्माया गया। इस मौके पर गाने के डायरेक्टर बाबूराम शर्मा ने बताया है कि लोक गीत बेटी समुद्रा में रवांई, जौनपुर, जौनसार व बाबर क्षेत्र की मूल संस्कृति पर आधारित है। इस गाने में एक मां और बेटी की मार्मिक कहानी जुड़ी हुई है। बेटी के मायके में मेला होता है और मां अपनी बेटी की इंतजारी मेले में करती है , लेकिन बेटी के ससुराल में मेले के उन दिनों रोपाई का कार्य चल रहा होता है और वह मेले में नहीं पहुंच पाती है। उन्होंने ने बताया कि इस लोक गाने शूटिंग पूरी कर 4 जुलाई 2023 को गाना रिलीज़ किया जाएगा।

# बेटियों के मन की इन बातों को सिर्फ डैडी ही समझ पाते हैं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 09 जून : बेटियों की जिंदगी में पिता की बहुत अहम जगह होती है। एक बेटी के लिए उसके पिता से ज्यादा पावरफुल और कोई नहीं होता है। एक बेटी अपने पिता पर जितना भरोसा करती है, वो इस दुनिया में सबसे पावरफुल एनर्जी है। उसे पता है कि कोई उसके साथ खड़ा हो या ना हो, उसके पिता हमेशा उसके लिए खड़े हैं और उसे सपोर्ट करेंगे। ऐसी कुछ बातें हैं जो एक बेटी को पता होती हैं कि उसके पिता उसके लिए जरूर करेंगे और इस आर्टिकल में हम उन्हीं बातों पर चर्चा करने जा रहे हैं।

बेटियों के लिए उनका परिवार सबसे पहले आता है और पिता से ज्यादा बेहतर इस बात को और कौन समझ सकता है। बेटी को पता है कि कोई परिस्थिति हो, उसके पिता उसकी सलाह या राय को अनसुना नहीं करेंगे। उसे पता है कि उसके पिता उसे तब भी सुनेंगे, जब हर कोई उससे अनसुना करने की कोशिश करेगा। बेटियों को अपने पिता पर ये विश्वास हमेशा होता है। बेटी को अपने पिता के ऊपर बहुत भरोसा होता है और इस दुनिया में अगर वो सबसे पहले किसी आदमी पर भरोसा करती हैं, तो वो उनके पिता हैं। पिता भी अपनी बेटी से बेइंतहा प्यार करते हैं और कोई भी इस बात से इनकार नहीं कर सकता है। एक पिता के लिए उसका पहला प्यार उसकी बेटी ही होती है। करियर चुनना हो या जिंदगी का कोई बड़ा फैसला लेना हो, पिता के मन में हमेशा अपनी बेटी के लिए अच्छी फीलिंग रहती है।

बेटी के लिए पिता एक ऐसा सपोर्ट होते हैं जो हर मुश्किल और हर कदम पर उनके साथ रहते हैं। बेटियां अपनी फैमिली में अपने पिता के सबसे ज्यादा नजदीक होती हैं। अगर कोई मुश्किल आती है, तो उसे पता होता है कि उसे कहां जाना है और किससे मदद मांगनी है। कभी-कभी कुछ ना कह कर भी पिता अपनी बेटियों को सपोर्ट कर जाते हैं। वो भले ही कुछ शब्द बोलें लेकिन अपने हाव-भावों से अपनी बेटी की तकलीफ को दूर कर देते हैं लड़कियों को पता होता है कि जब भी उन्हें अपना बोझ हल्का करने या अपनी कोई प्रॉब्लम शेयर करनी होगी, तो सबसे पहला और मजबूत कंधा उनके पिता का ही होगा।

भले ही वो कितने भी बूढ़े हो जाएं या कमजोर हो जाएं, अपनी बेटी के कंधों का बोझ उठाने के लिए वो हमेशा तैयार रहते हैं। वो नहीं चाहते हैं कि उनकी बेटी के कंधों पर समाज के बनाए नियमों, उम्मीदों और डिमांड का बोझ आए और इसलिए बेटियों के लिए पिता खास होते हैं, अब ये तो कहने की जरूरत नहीं है कि एक पिता के मन में अपनी बेटी के लिए हमेशा दया का भाव रहता है और उन्हें उस पर बहुत कम ही गुस्सा आता है। वो भले ही उसे उसकी गलती के लिए डांट दें या कोई सजा दें लेकिन उसके लिए अपने मन में दया का भाव रखना कभी नहीं छोड़ते हैं।

# उत्तराखंड में यहां बनेंगे दो नए हाईटेक शहर, पानी बिजली पार्क मॉल स्टेडियम जैसी हर सुविधा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





उत्तराखंड 09 जून : भविष्य की जरूरतों को देखते हुए प्रदेश में जल्द ही दो नए शहर बसाए जाएंगे। इन शहरों में आधुनिक सुविधाएं होंगी। एक शहर कुमाऊं मंडल में बसाया जाएगा, जबकि दूसरा शहर गढ़वाल मंडल में होगा। प्रदेश सरकार ने इसे लेकर केंद्र को प्रस्ताव भेजा था। प्रदेश के आवास विभाग की ओर से केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के सामने प्रजेंटेशन दिया गया। जिसके बाद सरकार ने प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। अब केंद्र सरकार की संबंधित एजेंसियां और टीमें मौके पर आकर स्थल का मुआयना करेंगी। ये शहर कहां बसाए जाने हैं और इनमें क्या-क्या सुविधाएं होंगी, ये भी बताते हैं। कुमाऊं मंडल में काशीपुर और गढ़वाल मंडल में डोईवाला के पास इन दो नए शहरों की स्थापना होगी। पहला शहर ऊधमसिंह नगर में काशीपुर के पास बसाया जाएगा।

यहां पर जनसंख्या को देखते हुए नया शहर बसाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। गढ़वाल मंडल में डोईवाला के पास दूसरे शहर की स्थापना होगी। इन दोनों शहरों में भविष्य की सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

दरअसल रोजगार के लिए हो रहे पलायन के चलते देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार समेत अन्य शहरों पर बोझ बढ़ रहा है। यही वजह है कि प्रदेश में नए शहर बसाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है। प्रदेश में स्थापित होने वाले नए शहरों में पानी, बिजली, पार्क, मॉल, स्टेडियम समेत हर सुविधाएं होंगी। इनके स्थापित होने से पलायन कम होने की उम्मीद है। प्रदेश के आवास विभाग के प्रजेंटेशन के बाद केंद्र की मंजूरी मिल गई है। जिसके बाद केंद्र की टीम uttarakhand two new cities के लिए दोनों जगहों का निरीक्षण करने आने वाली है।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईकोर्ट के निर्देश पर प्राधिकरण ने चलाया स्वच्छता अभियान

उत्तरकाशी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औश्र जिला प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट के निर्देश पर गुरुवार को रामलीला मैदान में विभिन्न संगठनों के सहयोग से 11 दिवसीय वृहद स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के सदस्यों की ओर से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, प्लास्टिक तथा अन्य जैविक, अजैविक कचरे के निपटाने से सम्बंधित कानूनों को लेकर स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया। बुधवार को रामलीला मैदान में सचिव जिला सेवा प्राधिकरण श्वेता राणा चौहान तथा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के नेतृत्व में विभिन्न विभागों अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबधंन के तहत जैविक तथा अजैविक कचरे को लेकर वृहद्ध स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारीयों सहित पर्यावरण मित्र, महाविघालय उत्तरकाशी द्वारा रामलीला मैदान में चारों तरफ फैलें कूड़े को एकत्रित कर 30 बोरे नगर पालिका को सौंपे गए। रामलीला मैदान में कूड़ा फैलाने वाले रेडी-फड़ व्यवसायी तथा दुकानदारों पर चालान की कार्यवाही की गई। इस मौके पर प्राधिकरण की सचिव श्वेता राणा चौहान ने बताया कि अभियान 11 दिनों तक संचालित किया जायेगा। जिसमें शुक्रवार को झूला पुल जोशियाड़ा क्षेत्र में व्यापार मंडल जोशियाड़ा, पंचायत राज विभाग तथा नगर पालिका के सहयोग से सफाई अभियान चलाया जायेगा।

### पुरोला मामले में भटवाड़ी बाजार बंद कर प्रदर्शन किया

उत्तरकाशी। पुरोला की घटना पर गंगाघाटी में भी लगातार बाजार बंद और जुलूस प्रदर्शन का दौर जारी है। गुरुवार को भटवाड़ी बाजार बंद कर व्यापारियों और सामाजिक संगठन के लोगों ने जुलूस प्रदर्शन किया। साथ ही तहसीलदार के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर बाहरी राज्यों से आ रहे लोगों का सघन सत्यापन और अराजक तत्वों को चिह्नित कर कार्रवाई की मांग रखी। तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को भटवाड़ी में स्थानीय व्यापारी और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष सुबोध रतूड़ी के नेतृत्व में भटवाड़ी बाजार में एकत्रित हुए। जहां से जुलूस की शक्ल में नाबालिग को भगाने के आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी व सत्यापन की मांग करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे।

# पौड़ी में गुलदार का खौफ, डीएम ने 2 दिन स्कूल बंद रखने के आदेश दिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी गढ़वाल 09 जून : पौड़ी गढ़वाल जिले में एक बार फिर से गुलदार की दहशत है और सीधे तौर पर लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बीते शाम गुलदार ने दो लोगों पर हमला किया और उन्हें घायल कर दिया था। इसके बाद एक बार फिर से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जिन इलाकों में गुलदार का खौफ है, वहां डीएम ने 2 दिन स्कूल बंद रखने के आदेश जारी कर दिए हैं।

ये दूसरा मौका है जब डीएम आशीष चौहान ने गुलदार के भय को देखते हुए स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश के आदेश जारी किए हैं। यहां आपको बता दें कि पौड़ी के गडोली और ल्वाली क्षेत्र के तमलाग में गुलदार ने दो लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गडोली निवासी 10 साल की आरुषि गुलदार के हमले में घायल हुई तो परिजनों समेत ग्रामीणों ने डीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई। डीएम ने एसडीएम सदर और वन विभाग की टीमों को क्षेत्र के स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिये हैं।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ देर पहले ही गुलदार को क्षेत्र में देखा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने एमई गिल गडोली जूनियर हाईस्कूल में आज यानी 2 जून से 10 जून तक अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किये हैं। तमलाग क्षेत्र में ग्रीष्म अवकाश है और स्कूल पहले से ही बंद हैं।





# गरीब छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन देना सरकार का लक्ष्य : धन सिंह रावत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 9 जून , गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें विभिन्न कलाओं में दक्ष करने के उद्देश्य से अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशालय उत्तराखंड द्वारा राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा देहरादून में समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब व स्लम एरिया के 400 छात्र-छात्राओं ने हिस्स्सा लिया। समर कैम्प के समापन पर विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार बाल अखबार का विमोचन किया साथ ही उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग व शिक्षण सामग्री वितरित की।

उन्होंने कहा कि गरीब छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन देना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है इसीलिये राज्य सरकार प्रदेशभर में गरीब छात्र-छात्राओं के लिये विभिन्न योजना चला रही है इसके अलावा गरीब एवं निराश्रित व असहाय छात्र-छात्राओं के लिये प्रत्येक जनपद में छात्रावास भी बनाये जा रहे हैं। धनदा ने कहा कि प्रदेश सरकार क्वालिटी एजुकेशन को लेकर खासी गंभीर है। उन्होंने कहा कि सूबे के छात्र-छात्राओं खासकर गरीब व स्लम एरिया के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं।






**शिक्षा मंत्री ने छात्रों को वितरित किये स्कूल बैग**

विभागीय मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के सहायोग से गरीब एवं असहाय बच्चों के लिये प्रत्येक जनपद में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास बनाये जा रहे हैं ताकि वह इन छात्रावासों में रहकर इंटरमीडिएट तक की शिक्षा निःशुल्क शिक्षा दी जा सके। उन्होंने कहा कि गरीब और स्लम में रहने वाले छात्र-छात्राएं गर्मी की छुट्टियों का लाभ उठा सके इसके लिये अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा सात दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब व स्लम एरिया के 400 बच्चों ने प्रतिभाग किया और खेल-खेल में विभिन्न गतिविधियों को सीखा।

# उत्तराखंड के युवाओं के लिए गुड न्यूज। 7 विभागों में जल्द होंगी भर्तियां




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 09 जून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकारी विभागों में खाली चल रहे पदों को लेकर गंभीर हैं। इन पदों पर बेरोजगारों को नौकरी का मौका मिले, इस बाबत भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। खाली पदों का ब्यौरा जुटाने के लिए वो एक बार फिर बैठक करने जा रहे हैं। उससे पहले मुख्यमंत्री के सचिव ने सभी प्रमुख सचिवों और सचिवों को अपने-अपने विभागों में रिक्त पदों का डाटा तैयार रखने के निर्देश दिए हैं।

कुल मिलाकर प्रदेश में सरकारी भर्तियों की रफ्तार बढ़ने वाली है। राज्य सरकार ने सभी प्रमुख सचिवों और सचिवों से अपने अधीन विभागों से रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर के पदों पर विभाग ने संबंधित एजेंसियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। सचिव कार्मिक एवं सतर्कता शैलेश बगौली ने यह आदेश जारी किए। जिसमें प्रमुख सचिव और सचिवों से अधीनस्थ विभागों में भर्ती संबंधी प्रस्ताव शीघ्र देने को कहा गया है।

उत्तराखंड सम्मिलित राज्य प्रवर एवं अवर अधीनस्थ और उत्तराखंड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ एवं सहायक अभियंता चयन परीक्षा से संबंधित रिक्त पदों के प्रस्ताव कार्मिक विभाग, जबकि इससे इतर भर्तियों के प्रस्ताव सीधे भर्ती आयोगों को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि सरकारी विभागों में विभिन्न वर्गों के लगभग 29000 से ज्यादा पद रिक्त हैं। बीते साल अक्टूबर में कार्मिक विभाग ने जो आंकड़े मांगे थे, उसके अनुसार शिक्षा विभाग में 5710 पद, चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा में 3945 पद, गृह विभाग में 2461 पद, वन विभाग में 2428 पद, ऊर्जा विभाग में 2200 पद, सिंचाई विभाग में 1412 पद व कौशल विकास में 1203 पद खाली हैं। निगमों और निकायों को भी शामिल कर लिया जाए तो यह संख्या 38 हजार पार कर रही है। राज्य में करीब 22 हजार पद आउटसोर्सिंग से भरे गए हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1 साल के भीतर 20 हजार रिक्त पदों पर नौकरियां देने का ऐलान किया था, लेकिन जुलाई 2022 में भर्ती घपला सामने आने के बाद भर्ती प्रक्रिया धीमी पड़ गई। राज्य सरकार ने अब इसमें तेजी लाने की कवायद शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोश्यारी बोले, पर्यटन को बढ़ाना होगा

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का मोरी विकासखण्ड के विंगसारी, मोरी, नैटवाड़ व सांकरी में भव्य स्वागत हुआ। उन्होंने नैटवाड़ स्थित विद्या भारती के कर्ण सेवा आश्रम का निरीक्षण किया। उसके बाद सांकरी इन्टर कॉलेज में बच्चों के साथ वॉलीबाल खेला। मोरी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि आत्मनिर्भर उत्तराखंड को आगे बढ़ाने के लिए कृषि-उद्यानीकरण में बेहतर, भेड़ बकरी पालन कार्य करने होंगे। उन्होंने यमुना घाटी में हो रहे कृषि कार्य, पशु पालन, फलों के उत्पादन के व्यवसाय के साथ साथ पर्यटन को मुख्य व्यवसाय बताया। सांकरी के टूर आपटेरों कोश्यारी को मोटरमार्ग व टूरिज्म को बेहतरीन बनाने संबंधी पत्र दिया। इस मौके पर पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा, ब्लाक प्रमुख बचन सिंह पंवार, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान, जगत सिंह चौहान, नौगांव नगर पंचायत अध्यक्ष शशिमोहन राणा, श्याम चौहान, नारायण सिंह राणा, राजेन्द्र सिंह रावत, ईशवंत सिंह पंवार, जयचंद्र सिंह रावत आदि थे।

### सरनौल गांव में 'बेटी समुद्रा' मार्मिक रवांई लोक गीत की शूटिंग

उत्तरकाशी। नौगांव ब्लॉक के दूरस्थ गांव सरनौल में 'बेटी समुद्रा' के गाने की शूटिंग की गई। बेटी समुद्रा गाने को रवांई के लोक गायक जयदेव राणा द्वारा गाया गया तथा इस गाने को डायरेक्टर बाबूराम शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया है।

स्वागत फिल्म के बैनर तले 'बेटी समुद्रा' गाने की शूटिंग सरनौल गांव में आयोजित मां रेणुका मेले से शुरू की गई तथा गांव में प्रकृति के खूबसूरत नजारों के बीच विभिन्न स्थानों पर उक्त गाने को फिल्माया गया। इस मौके पर गाने के डायरेक्टर बाबूराम शर्मा ने बताया है कि लोक गीत बेटी समुद्रा में रवांई, जौनपुर, जौनसार व बाबर क्षेत्र की मूल संस्कृति पर आधारित है। इस गाने में एक मां और बेटी की मार्मिक कहानी जुड़ी हुई है। बेटी के मायके में मेला होता है और मां अपनी बेटी की इंतजारी मेले में करती है , लेकिन बेटी के ससुराल में मेले के उन दिनों रोपाई का कार्य चल रहा होता है और वह मेले में नहीं पहुंच पाती है। उन्होंने ने बताया कि इस लोक गाने शूटिंग पूरी कर 4 जुलाई 2023 को गाना रिलीज़ किया जाएगा।

गाने में गायक जयदेव राणा, गायिका वीना पंवार, संगीतकार प्रभु पंवार, डायरेक्टर बाबूराम शर्मा, सहायक देवेंद्र प्रेमी एवं उक्त गाने में जयदेव राणा, उपासना रावत व अपूर्वा रमोला ने अभिनय किया है तथा गाने में पुष्पा रमोला, राजेन्द्र सेमवाल, मनवीर पंवार, जगमोहन राणा, रणवीर राणा आदि जा विशेष सहयोग किया।

### पार्किंग शुल्क लेने पर भडक़े भाजपा पार्षद

कोटद्वार। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों से पार्किंग शुल्क लेने पर भाजपा पार्षदों ने रोष व्यक्त किया है। इस बात से आक्रोशित पार्षदों ने नगर निगम परिसर में प्रदर्शन करते हुए नगर आयुक्त और महापौर का पुतला दहन किया और पार्किंग शुल्क वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन करते हुए पार्षदों ने कहा कि नगर निगम की ओर से देवी रोड़ स्थित स्टेट बैंक के समीप खड़े वाहनों से पार्किंग शुल्क लेना आरंभ कर दिया गया है। साथ ही तहसील परिसर से राजकीय बेस चिकित्सालय तक सडक़ के किनारे पार्किंग होने वाले वाहनों से भी पार्किंग शुल्क लेने की योजना बनाई जा रही है, जिसका वे विरोध करते हैं। कहा कि गठन के साढ़े चार साल बीतने के बाद भी नगर निगम स्थानीय लोगों को सुविधाएं देने में असफल रहा है। शहर की कई समस्याओं का अभी तक निस्तारण नहीं हो पाया है। निगम में भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

# संसद में 420 नंबर की सीट क्यों नहीं होती ? ये है वजह !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रिसर्च डेस्क , न्यूज़ वायरस , भारत समेत दुनियाभर के लोग ज्योतिष में विश्वास रखते हैं। कई देशों में किसी न किसी नंबर को शुभ या अशुभ माना जाता है। जैसे दुनिया के कई देशों में 13 नंबर को अशुभ माना जाता है। ठीक उसी प्रकार भारत में 420 नंबर को अच्छा नहीं माना जाता। आमतौर पर लोग इस नंबर का इस्तेमाल अपने निजी काम में नहीं करते हैं। भारत की पार्लियामेंट में भी इस नंबर का इस्तेमाल नहीं किया जाता।

**420 संसद में 420 नंबर सीट नहीं है**

दरअसल, भारतीय संसद में लोकसभा सदस्यों की संख्या 543 है। इस लिहाज से संसद भवन में कम से कम नंबरिंग से 543 सीटें होनी चाहिए। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि संसद के हॉल में 420 नंबर सीट ही नहीं है। संसद भवन में 420 नंबर सीट को जगह ही नहीं दी गई है। किसी भी सांसद को 420 नंबर सीट आवंटित नहीं किया जाता।

**आखिर ऐसा क्यों है ?**

आपको बता दें कि भारतीय दंड संहिता में जालसाजी या धोखाधड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ 'धारा 420' के तहत मुकदमा दर्ज किया जाता है। इसलिए भारत में इस नंबर को शुभ नहीं माना जाता है। लोग इस नंबर को जालसाजी का प्रतीक मानते हैं। लोग किसी धोखेबाज, फर्जी या जालसाज आदमी को 420 है कहकर भी संबोधित करते हैं। इस कारण से संसद में 420 नंबर सीट नहीं है। किसी भी सम्मानित व्यक्ति के लिए 420 नंबर परेशानी की बात है।






**पहले थी 420 नंबर सीट**

मालूम हो, कि पहले संसद में 420 नंबर की सीट थी। लेकिन 14वीं लोकसभा के दौरान एक सदस्य ने 420 नंबर सीट आवंटित होने पर इसे अपना अपमान समझा और इसे समाप्त करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा। अध्यक्ष साहब ने मामले कि गंभीरता को समझते हुए इस सीट नंबर को निरस्त कर दिया और इसकी जगह 419-A सीट नंबर को मान्यता दे दी।

15वीं लोकसभा में सीट आवंटन के दौरान 420 वें नंबर पर आने वाले 'असम यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' के सांसद बदरुद्दीन अजमल को 420 नंबर की जगह 419-A नंबर की सीट दी गई थी। बदरुद्दीन अजमल देश के पहले सांसद थे जिन्हें सर्वप्रथम 419-A नंबर की सीट आवंटित की गयी थी।

# बाइक पर स्टंट दिखा रही थी लड़की देहरादून पुलिस ने सिखाया सबक





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 जून : सोशल मीडिया पर चंद लाइक्स पाने के जुनून में युवा अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे। पहले लड़के ही सड़कों पर बाइक से स्टंट करते देखे जाते थे, लेकिन अब लड़कियां उन्हें यहां भी टक्कर देने लगी हैं।

बीते दिनों देहरादून में एक लड़की का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें बाइक चला रही लड़की सांग पर डांस करते और स्टंट करती दिखाई दी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और अब वाहन का चालान किया गया है। मामला देहरादून के रायपुर क्षेत्र का है। जहां सोडा सरोली-थानो रोड पर एक लड़की चलती बाइक पर डांस करती नजर आई।

इस मामले में पुलिस ने चालान काटने की कार्रवाई की। साथ ही वीडियो बनाने वाले उसके भाई और लड़की को ट्रैफिक पुलिस के दफ्तर बुलाकर उनकी काउंसलिंग भी कराई गई। जिसके बाद दोनों भाई-बहन ने माफी मांग कर भविष्य में ऐसी गलती न करने की बात कही है। बता दें कि उत्तराखंड में बाइक पर स्टंट दिखाने वाले स्टंटबाजों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया सेल भी ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए है। बीते दिनों लड़की का बाइक पर स्टंट करते वीडियो वायरल हुआ था। युवती बाइक पर डांस कर रही थी, जबकि उसका भाई वीडियो बना रहा था। बाद में सोशल मीडिया सेल ने वाहन संबंधी जानकारी जुटाई और वाहन के मालिक को चालान का मैसेज भेजा।

एसएमएस मिलने के बाद वाहन स्वामी मोहित कुमार निवासी बुलंदशहर और वाहन चला रही लड़की को काउंसलिंग के लिए ट्रैफिक पुलिस के दफ्तर बुलाया गया। जहां दोनों ने ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने पर पुलिस से माफी मांगी। एसपी ट्रैफिक अक्षय कोंडे ने कहा कि अपनी और दूसरों की जिंदगी जोखिम में डालने वाले स्टंटबाजों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# नैनीताल में अब नहीं चलेंगे रिक्शा : हाईकोर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 09 जून : उत्तराखंड हाई कोर्ट ने एक बड़ा ऐलान किया है। नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान हो रहे ट्रैफिक जाम की समस्या पर सुनवाई करते हुए ये बड़ा ऐलान किया गया है। हाईकोर्ट ने साफ तौर पर कह दिया है कि नैनीताल शहर से दो हफ्ते के भीतर पैडल रिक्शा हटा दिए जाएं। उनके स्थान पर कम से कम 50 ई रिक्शा चलाने के आदेश सरकार को दिए हैं। ये ऐलान नैनीताल में लग रहे जाम को लेकर किया गया है। लगातार लग रहे जाम की वजह से नैनीताल शहर हांफ रहा है। कोर्ट ने कहा कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो नैनीताल को दूसरा जोशीमठ बनने से कोई नहीं रोक सकता। कोर्ट के इस फैसले के बाद नैनीताल की माल रोड की शान रहा पैडल रिक्शा अब इतिहास बन जायेगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने नैनीताल में ट्रैफिक जाम की समस्या पर सुनवाई की।

हाईकोर्ट ने अधिवक्ता प्रभा नैथानी की स्वत संज्ञान लेती जनहित याचिका की सुनवाई की। कोर्ट ने तत्काल इन रिक्शों को बंद करने के आदेश दिए। कोर्ट का मानना है कि इस बड़े बदलाव से नैनीताल में लगने वाला ट्रैफिक जाम खत्म हो जाएगा। अधिवक्ता प्रभा नैथानी ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा था और शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम की समस्या से अवगत कराया था। इस पर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और सुनवाई करके नैनीताल को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए आदेश दिया। बता दें कि इस मामले पर अगली सुनवाई अगस्त पहले सप्ताह में होगी।





# कमाऊ दुल्हन चाहिए तो माननी पड़ेंगी ये 5 शर्तें !




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 12 सितंबर। गोवा और यूपी में स्थिति साफ़ होने के बाद भी उत्तराखंड में संशय बरकरार है जिसकी वजह से कई दावेदारों के दिल बेक़रार है। पहले जहाँ उम्मीद थी कि धामी रिटर्न्स की फिल्म ही लिखी जा रही है लेकिन जिस तरह से दिल्ली से लौटकर निर्वतमान सीएम देहरादून की बजाय खटीमा पहुंचे हैं उससे कयास लगाए जा रहे हैं कि मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा में हो रहे विलंब की वजह कुछ और है। अब तो दावेदार भी अपनी संभावनाओं को लेकर प्रयासों में जुटे हैं। इस परिदृश्य के बीच जैसी परिस्थितियां हैं, वे इस तरफ इशारा कर रही हैं कि राज्य में भाजपा विधायक दल के नेता का नाम होली के बाद ही स्थिति सामने आ सकता है।

**क्या आपको भी है कामकाजी बीवी की तलाश ?**

1- घर में मदद

अगर आपकी पत्नी जॉब करती है, तो उससे ये उम्मीद रखना गलत है, की वह ऑफिस जाने से पहले और वापस आने के बाद घर का सारा काम अकेले करेगी। आपका यह समझना जरूरी है, उसे हो सकता है घर का काम आपसे बेहतर आता हो लेकिन वो कोई मशीन नहीं है, जो सुबह-शाम बिना रुके काम करती रहे। ऐसे में रिश्ता सफल चाहिए तो घर को संभालने की

2- बच्चे की जिम्मेदारी

बच्चों को इस दुनिया में लाने के लिए महिला-पुरुष दोनो की जरूरत होती है। ठीक वैसे ही इन्हें संभालने जिम्मेदारी भी दोनो की ही है। हालांकि, ज्यादातर पुरुष बच्चों को हैंडल करने में बहुत मददगार साबित नहीं होते हैं। लेकिन फिर भी बच्चे की देखभाल करने के लिए आपका अपनी बीवी के साथ हर समय खड़ा होना जरूरी है। खासतौर पर यदि आपकी वाइफ वर्किंग लेडी हैं।

3- कोई भी फैसला अकेले नहीं ले सकते

कामकाजी महिलाएं तजुर्बे में किसी से कम नहीं होती। क्योंकि वह अपने करियर में आगे बढ़ते हुए ऐसे कई परिस्थितियों का सामना कर चुकी होती है, जिसे शायद पुरुष खुद भी कभी नहीं करते हैं।

4- नौकरी छुड़ाने की चेष्टा न करें

अक्सर ऐसा होता है, कि पुरुष शादी तो नौकरीपेशा महिला से कर लेते हैं। लेकिन जब वह देखते हैं, कि इससे उनको पतिदेव होने वाला आराम और सत्कार नहीं मिल रहा है, और उन्हें खुद भी घर का काम करना पड़ रहा है, तो वह अपनी बीवी से नौकरी छोड़ने की उम्मीद करते हैं। कुछ महिलाएं अपने घर परिवार के लिए अपने सपनों और बने बनाए करियर की कुर्बानी दे देती है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि आपकी जिससे शादी हो वह लड़की भी ऐसा करने में सहज हो।

5- प्यार के साथ सम्मान भी जरूरी

कामकाजी महिलाएं दूसरी महिलाओं की तरह ही इमोशनल होती है। लेकिन इसके साथ वह अकेले हर परिस्थिति का सामना करने की भी ताकत रखती है। ऐसे में उनके साथ जीवन बिताने का सपना देखने से पहले यह आपको अच्छे से पता होना चाहिए कि आप उन्हें अपमानित नहीं कर सकते हैं। यदि आप ऐसा करते हैं, तो वह आपसे प्यार करते हुए भी आपको अपने स्वाभिमान के लिए छोड़ने से पहले हिचकिचाएंगी नहीं।

## संपादकीय



### क्यों 'जिंदा' है औरंगजेब?

यह हैरानी और विडंबना है कि स्वतंत्र और संप्रभु भारत में भी औरंगजेब के 'फैन क्लब' हैं! सोशल मीडिया पर उसके नाम के समूह सक्रिय हैं और वे लगातार पोस्ट लिख रहे हैं, लेकिन यह पराकाष्ठा है और अस्वीकार्य भी है कि 'औरंगजेब आप सबका बाप' जुमले के बैनर और पोस्टर लिखे और लहराए जा रहे हैं। दुर्भाग्य है कि देश में एक तबका आज भी औरंगजेब को अपना 'नायक' मानता है। अदालतों के भीतर की बहस के दौरान ऐसी दलीलें दी जा रही हैं-औरंगजेब क्रूर और निर्दयी नहीं था। वह आक्रांता भी नहीं था। उसके कालखंड के दौरान मंदिरों और अन्य हिंदू धर्मस्थलों को ध्वस्त नहीं किया गया। ऐसी दलीलों पर हैरानी होती है और हंसी भी आती है कि भारत का एक हिस्सा आज भी मजहबी, मानसिक तौर पर गुलाम है। हम सांप्रदायिक सौहार्द के पक्षधर हैं और हमारा संविधान भी यही सिखाता है, लिहाजा संप्रदाय के नाम पर भडकाए गए दंगों और हिंसक उपद्रवों पर टिप्पणी करने से हम परहेज करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहिल्या नगर आदि इलाकों में, औरंगजेब के महिमा-मंडन और आपत्तिजनक हिंदू-विरोधी जुमलों के मद्देनजर, जो सांप्रदायिक तनाव भडका, उसकी भत्र्सना की जानी चाहिए। यह सांप्रदायिक विभाजन का सिलसिला कब थमेगा? औरंगजेब का कालखंड बीते 300 साल से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है, लेकिन औरंगजेब की औलादें आज भी उसे जिंदा रखे हैं। विवादास्पद दुष्प्रचार किया गया, तो कुछ हिंदू संगठनों ने 'बंद' का आह्वान किया। नतीजतन सांप्रदायिकता भिड़ पड़ी और पुलिस को लाठीचार्ज कर माहौल को सामान्य करना पड़ा। 21वीं सदी के भारत में औरंगजेब क्यों और किस तरह प्रासंगिक है? मुगल बादशाहत को खत्म हुए सदियां बीत चुकी हैं। ब्रिटिश साम्राज्य की चूलें भी हमने हिला दी और आज हम एक आजाद मुल्क हैं। इतिहास में मुर्दों को जिंदा रहने दें और अतीत को दर्ज करते रहें, लेकिन औरंगजेब को 'देश का बाप' मानने और प्रचारित करने का औचित्य क्या है? क्या मुगल भारतीय मुसलमानों के वंशज थे? मुगल बादशाहों ने अपनी ही जमात पर भी खूब जुल्म ढाए थे, क्या मुसलमानों को ये तथ्य ज्ञात नहीं हैं? वाराणसी की कथित ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मस्जिद विवाद अदालतों के विचाराधीन हैं। दोनों ही ऐतिहासिक साक्ष्य हैं कि औरंगजेब ने मंदिरों का विध्वंस किया और मस्जिदें बनवाई थीं। बदकिस्मती है कि हमें आज भी अपने आस्था-स्थलों के संरक्षण के लिए कानूनी लड़ाई लडनी पड़ रही है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# उत्तराखंड के 5 जिलों में गर्जना के साथ होगी बारिश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 09 जून : : प्रदेश में 10 जून से मौसम के करवट बदलने की संभावना है। मौसम विभाग ने 10 जून के बाद वर्षा, ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है। मानसून को लेकर भी मौसम विभाग ने अपडेट दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल उत्तराखंड में मानसून देरी से दस्तक देगा। मानसून के इस बार विलंब से आने के कारण प्रदेश में यह जुलाई में दस्तक दे सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले 48 घंटों के दौरान केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि उत्तराखंड में मानसून जुलाई में करीब 10 से 12 दिन देरी से पहुंच सकता है।आज मौसम कैसा रहेगा, ये भी बताते हैं।प्रदेशभर में मौसम का मिजाज आंशिक रूप से बदला रहने की संभावना है। मैदानी इलाकों में धूप खिली रहेगी, जबकि पहाड़ी जनपदों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है।

गुरुवार को राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं हल्की से बहुत हल्की वर्षा गरज-चमक के साथ होने की संभावना है। राज्य के शेष जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश में 10 जून के बाद वर्षा, ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जनपद के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दोपहर बाद हल्के बादल छाये रहे, जबकि दून-मसूरी में धूप खिली रही। ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, डोईवाला आदि मैदानी क्षेत्रों में भी दिनभर चटख धूप खिली रही।

# जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों पर उठाए सवाल

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम प्रधानों ने पेयजल निगम व जल संस्थान द्वारा जल जीवन मिशन के तहत करवाए गए निर्माण कार्यों पर सवाल उठाए। प्रधानों ने आरोप लगाया कि विभागों ने अभी तक अधिकतर प्रधानों को योजनाओं की डीपीआर उपलब्ध नहीं करवाई है। जिससे उन्हें योजना की लागत व निर्माण कार्यों की कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।

बुधवार को ब्लॉक प्रमुख सोवन सिंह पंवार की अध्क्षता में पेयजल समस्याओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों की प्रधानों के साथ बैठक हुई। इस मौके पर प्रधान संगठन कीर्तिनगर के ब्लॉक अध्यक्ष सुनय कुकसाल ने कहा कि विभागों की ओर से अभी तक योजनाओं की डीपीआर उपलब्ध नहीं करवाई है। उन्होंने पेयजल टैंकों की सफाई, प्राथमिक विद्यालय अमरोली में पानी की व्यवस्था किए जाने और डीपीआर उपलब्ध करवाने की मांग की।

प्रधान बीरबल सिंह ने कांडी मोटर मार्ग के कारण क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत न किए जाने, प्रधान धन सिंह रावत ने सिरवाड़ी पाइप लाइन के लीकेज ठीक न किए जाने और प्रधान आशा देवी और हेमा देवी ने पेयजल समस्या का समाधान न होने व प्रधान सरिता शाह ने गंदे पानी की आपूर्ति का मुद्दा उठाया। इस मौके पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता नरेश पाल सिंह, पेयजल निगम के अभियंता प्रदीप भंडारी, प्रधान सुरेंद्र कठैत, राजीव जोशी, मोनाक्षी पुंडीर, रश्मि बडोनी, निशा, सुनील कुमार, विमला देवी आदि मौजूद रहे।

# बद्रीनाथ धाम की छत पर सजेगी चांदी की परत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 09 जून : हर साल मंदिर में लाखों भक्त दर्शनों को पहुंचते हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर दिल खोलकर दान भी देते हैं। इसी कड़ी में एक दानी व्यक्ति ने बद्रीनाथ धाम की छत पर चांदी की परत चढ़ाने की इच्छा जताई है। इसके लिए श्रद्धालु ने राज्य सरकार को प्रस्ताव दिया है। शासन ने बदरी-केदार मंदिर समिति को इसकी सहमति दे दी है।

बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय का कहना है कि बद्रीनाथ मंदिर की छत पर चांदी की परत चढ़ाने के संबंध में शासन का पत्र मिला है। एक दानी व्यक्ति सहयोग देने को तैयार है। बीकेटीसी भी दानी व्यक्ति से बातचीत करने के बाद ही इस कार्य की योजना बनाएगा। बता दें कि बदरीनाथ मंदिर को दिव्य और भव्य रूप से संवारने के लिए 425 करोड़ की लागत से मास्टर प्लान का काम चल रहा है। इसके अलावा कई दानी व्यक्ति भी मंदिर को संवारने में आर्थिक सहयोग देने के लिए आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में एक श्रद्धालु ने बदरीनाथ मंदिर की छत पर चांदी की परत चढ़ाने के लिए प्रस्ताव दिया है। यह श्रद्धालु दिल्ली का रहने वाला है। धर्मस्व एवं संस्कृति विभाग ने बीकेटीसी को इस कार्य के लिए सहमति दे दी है। बता दें कि बीते साल केदारनाथ धाम के गर्भगृह को भी स्वर्णमंडित कर दिया गया। 550 सोने की परतों से गर्भगृह की दीवारों, जलेरी व छत को नया रूप दिया गया है। इसके लिए महाराष्ट्र के एक दान दाता ने सहयोग दिया था।



## मंत्री ने गौरीकुंड से छौड़ी तक पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश के पशुपालन, दुग्ध विकास एवं सेवायोजन मंत्री/जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए यात्रा मार्ग में विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे एवं संबंधित अधिकारियों के साथ गौरीकुंड से छौड़ी तक पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया द्य निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह एवं जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार भी मौजूद रहे द्य

निरीक्षण के दौरान मंत्री द्वारा गौरीकुंड घोडा पडाव में तैयार किए गए टिन शैड एवं पानी की चरहियों एवं प्रीपेड काउंटर का जायजा लिया द्य निरीक्षण के दौरान गौरीकुंड घोडा पडाव में घोडा खच्चरों के लिए बनाई गई चरहियों में समुचित सफाई व्यवस्था एवं निरंतर गरम पानी उपलब्ध न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुलभ इंटरनेशनल, जल संस्थान एवं पशुपालन विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के निर्देश दिए द्य उन्होंने यात्रा मार्ग में जिन स्थानो पर ट्रेक रूट खराब है उन्हें भी संबंधित अधिकारियों को ठीक करने के निर्देश दिए द्य उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग में बिना पंजीकरण,कमजोर व अनफिट घोडा खच्चरों का संचालन किसी भी दशा में न किया जाए द्य यदि किसी के द्वारा ऐसे घोड़े खच्चरों का संचालन किया जाता है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए द्य निरीक्षण के दौरान मंत्री द्वारा घोडा खच्चर संचालकों एवं तीर्थ यात्रियों से राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में भी वार्ता करते हुए फीडबैक ली गई द्य घोडा खच्चर संचालकों रोहित एवं भरत बगवाडी निवासी गुप्तकाशी ने मंत्री को अवगत कराया कि पिछली यात्रा से इस यात्रा में घोडा खच्चरों के लिए गरम पानी की व्यवस्था गई है तथा चरहियों की बेहतर सफाई की जा रही है द्य इसके साथ ही शौचालयों की भी पर्याप्त की गई है जिनकी साफ़ सफाई व्यवस्था बेहतर की गई है द्य यात्रियों से फीडबैक लेने पर यात्री दीपक बनवाल निवासी पश्चिम बंगाल व अन्य तीर्थ यात्रियों ने यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं की सराहना की द्य केदारनाथ धाम की यात्रा करके आए खटीमा निवासी रवि मेहता ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना की तथा उनका हौसला अफज़ाई करते हुए शुभकामनाएं दी ।

## तीर्थ यात्रियों की व्यवस्था में कोई कमी न हो : सौरभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रप्रयाग। पशुपालन, दुग्ध विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने यात्रा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए कहा कि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों की व्यवस्था में कोई कमी न हो तथा जिन व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाना है उन्हें और बेहतर करना सुनिश्चित करें ताकि यहाँ से तीर्थ यात्रि सुखद अनुभव लेकर जाए द्य उन्होंने घोडा खच्चरों को नियमित गरम पानी की उपलब्ध कराने के लिए चरहियों पर देखरेख और बेहतर साफ़ सफाई के लिए कार्मिकों की तैनाती के निर्देश दिएद्य उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि घोडा खच्चर संचालकों द्वारा चरहियों में जूते चप्पल धोए जा रहे हैं जिससे कि पानी गंदा हो रहा है इसके लिए उन्होंने आदेश जारी किया जाए कि ऐसे घोड़ा खच्चर संचालकों पर चालान की कार्यवाही की जाए तथा चेतावनी बोर्ड लगाया जाए द्य इसके अलावा उन्होंने एन एच को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग के जिन स्थानों पर गड्ढे हैं उन्हें तत्काल ठीक किया जाए द्य साथ ही सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य जिन स्थानों में मार्ग खराब है उन्हें ठीक किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मंत्री का जनपद आगमन पर स्वागत करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा यात्रा व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत अमरदेई शाह, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग राजवीर सिंह चौहान, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्धनी सुमन, यात्रा मजिस्ट्रेट अभय प्रताप, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान अनीश पिल्लई, सुलभ इंटरनेशनल इंचार्ज धनंजय पाठक प्रीपेड काउंटर इंचार्ज कुशाल, तहसीलदार ऊखीमठ दीवान सिंह राणा, सदस्य जिला पंचायत बबीता सजवाण, मंडल अध्यक्ष गुप्तकाशी राय सिंह राणा, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे द्य

### 40 किलो आटे का रोट पकाकर किया देवपूजन

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत उफल्डा में नागराजा देवता का पूजन धूमधाम के साथ किया गया। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए देवता को सवादोण (40 किलो आटे) का रोट चढ़ाकर पूजा-अर्चना की।

वर्षों पूर्व से चली आ रही परंपरा के तहत गुरुवार को उफल्डा और आसपास के गांव के लोगों ने नागराजा देवता की पूजा की। सुबह 10 बजे से नागराजा मंदिर के समीप पंचायती चौरी में ग्रामीणों ने 40 किलोग्राम आटे को हाथ और थपकियों से गूंदा गया। मंदिर परिसर में रोट पकाने के लिए उपले और लकडियों को जलाकर उसको पकाने के लिए अंगारों से ढक दिया गया। इस दौरान महिलाओं पर देवी-देवता अवतरित हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि प्रत्येक तीन साल बाद यह पूजा होती है।

नागराजा को चढ़ाया जाने वाला रोट नए गेहूं से तैयार आटे का बनाया जाता है। मान्यता है कि नागराजा को रोट चढ़ाने से बारिश होती है। जिससे फसलें अच्छी होती हैं। देव पूजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धनाई, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह बिष्ट, सचिव कुशाल सिंह रावत, बंटी भंडारी,राजेद्र बिष्ट, कमल सिंह धनाई, सुरेंद्र सिंह नेगी, विक्रम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## बेस अस्पताल परिसर में रोटरी क्लब ने लगाई बेंच

श्रीनगर गढ़वाल। रोटरी क्लब श्रीनगर द्वारा बेस चिकित्सालय परिसर में लोगों को बैठने के लिए चार बेंच लगाई गई। इस मौके पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर क्लब द्वारा लगातार बेंच लगाने का काम किया जा रहा है। ताकि लोगों को बैठने की दिक्कतें ना हो। कहा कि अस्पताल परिसर सर्दियों एवं गर्मियों में अस्पताल परिसर के बाहर बैठने के लिए बेंच लगने से लोगों को सुविधा मिलेगी। अस्पताल के एमएस डॉ. रविन्द्र बिष्ट ने परिसर में बेंच लगाने पर क्लब के सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष खिलेन्द्र चौधरी, सचिव दिनेश प्रसाद जोशी, कोषाध्यक्ष अनिल ढौडियाल, पूर्व अध्यक्ष नरेश नौटियाल, एसपी घिल्डियाल, बृजेश भट्ट, अनूप घिल्डियाल, एसएम नौटियाल, ओपी गोदियाल, सुखविंदर सिंह, उषा चौधरी, दिनेश चौहान, अनिल उनियाल आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### केदारनाथ की पहाड़ी पर आया एवलौंच

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ मंदिर से 7 किलोमीटर दूर चोराबाड़ी के पास मेरु सुमेरु पर्वत जिसे केदारडोम के नाम से भी जाना जाता है। ये एवलांच सुबह 8 से 9 बजे के बीच आया तो इसकी धुंध और हवा 5 मिनट तक दिखाई दी ।साथ ही आवाज भी सुनाई दी । स्थानीय लोगों का कहना है की हिमालय में इस प्रकार कई बार एविलानच आते रहते हैं। वन्ही आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार का कहना है कि प्रातः बर्फ पिघलने से हल्के एविलानंच का प्रभाव मंदिर के लगभग 2_3 किलोमीटर पीछे तक सीमित रहा इसमें किसी प्रकार की जन धन की हानी नही हुई।

### महाजन सम्मान अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन

चमोली । महाजन सम्मान अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मेलन विधानसभा थराली के ब्लॉक सभागार मे विधायक भूपाल राम टम्टा की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस अवसर पर मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहे। थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता तैयार रहें केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं प्रत्येक गरीब को राशन,उज्जवला योजना, हर घर जल हर घर नल, ऑल वेदर रोड,कर्णप्रयाग रेल लाइन, नारायणबगड़, देवाल महाविद्यालय, थराली अस्पताल का उच्चीकरण, तलवाड़ी महाविद्यालय में क्च.श्वस्र की संस्तुति सहित दर्जनों पुलों का निर्माण की स्वीकृति , सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की नियुक्ति सहित सैकड़ों कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करें । इस अवसर पर सभी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान पुष्पगुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर किया गया इस मोके पर मंडल प्रभारी धन सिंह नेगी, महाजन संपर्क अभियान जिला संयोजक राकेश जोशी, विधानसभा महाजन संपर्क अभियान संयोजक रिटायर्ड कर्नल हरेंद्र सिंह रावत,मंडल अध्यक्ष थराली नंदू बहुगुणा , मंडल अध्यक्ष देवाल उमेश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि हरीश चंद जोशी, ब्लाक प्रमुख कविता नेगी, जिला मंत्री प्रदुमन सिंह शाह, पार्षद कृष्णपाल गुसाईं , मंडल महामंत्री महिपाल सिंह भंडारी,मंडल उपाध्यक्ष गंगा सिंह बिष्ट वरिष्ठ कार्यकर्ता कुंदन परिहार, डॉ भगत नेगी, नरेंद्र सिंह राणा, मोहन सिंह सोलवासी, सहित सभी ब्लॉक प्रमुख,नगर पंचायत अध्यक्ष,मोर्चा के मंडल अध्यक्ष समस्त पदाधिकारी एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी

श्रीनगर गढ़वाल। मोदी सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर महिला मोर्चा के द्वारा गुरुवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भाजपा महिला मोर्चा की ओर से केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं के रोजगार के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मीना गैरोला के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं । जिसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चे की जिला अध्यक्ष नगमा तौफीक, जिला सह मीडिया प्रभारी अंजना डोभाल, मंडल मंत्री शांति भट्ट आदि मौजूद रहे।

### विधायक कंडारी ने किया मोटरमार्ग का भूमि पूजन

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत जुकणियों-अरखुण्ड से रिसकोटी-अमोली मोटर मार्ग का गुरुवार को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने भूमि पूजन किया। उन्होंने 2 करोड़ 2 लाख 80 हजार की लागत से बनने वाले इस मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किया पूरा किये जाने के निर्देश दिए। विधायक कंडारी ने बताया कि नबार्ड वित्त पोषित योजना के तहत मलेथा-जाखधार मोटरमार्ग के किमी 27 जुकणियों-अरखुण्ड से रिस्कोटी-अमोली मोटर मार्ग का ग्रामीण लंबे समय से सडक़ निर्माण की मांग कर रहे थे। अब जल्द ही गांव के लोगों को वाहन सुविधा का लाभ मिलेगा। सडक़ बनने से जहां लोगों को आवाजाही में सुविधा होगी, वहीं गांव में रोजगार के मौके भी बनेंगे। इस दौरान उन्होंने निर्माणदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग अस्थाई प्रखंड घनसाली से जल्द मोटरमार्ग का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। इधर ग्रामीणों ने सडक़ निर्माण कार्य शुरू होने पर विधायक विनोद कंडारी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। इस मौके पर ग्रामीण निर्माण विभाग अस्थाई प्रखंड घनसाली के अपर सहायक अभियंता नरेंद्र सिंह गुनसोला, मंडल अध्यक्ष विकास मेहरा, सुरेश चंद्र, पूर्व प्रधान सुमेर चंद्र, जोत सिंह रावत, पुलमा देवी, दर्शनी देवी आदि मौजूद रहे।